यह षष्टम खंड के म्यानों ॥ ढाल दूजी अमोल ऋषि गाइ । सुणी मजलस सहू हर्षाइ ॥ पुण्य ॥ २५ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ कंखरथ राजा तणा । मोटा पांच उमराव ॥ कर जोडी ऊ. भा हूवा । नमीचन्द्र ने. भल भाव ॥ १ ॥ कर जोडी अर्जी करे । सर्व राष्ट वती तेह ॥ काशमीर सरणहै आप के । रखे हिवे देवो छेह ॥ २ ॥ अन्याइ का राजमें । सहू अति पाया दुःख ॥ ते फन्दे न पसावतां । देवो तात तुम सुख ॥ ३ ॥ पूछे शभा थी पंचते । कहो चित नो सत्य चाव ॥ सहू कहे मान्या अधिपती । चन्द्रसेण महाराव ॥ ४ ॥ जय२ ध्वनी सहू करी । आी अति दुःखिया होय ॥ किया कर्म उदय भयां । सहाय न होवे कोय ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल ३री ॥ मुक्तिरो मार्ग दोहीलो ॥ यह० ॥ पुण्य प्रगट्या सुख संपजे । मिले सज्जन संयोग ॥ दुःख दोहग दूरा टले । संचो पुण्य सहू लोग ॥ पुण्य ॥ १ ॥ एकी शभा को मत जाणीयो । सहु चन्द्र नृप चहाय ॥ दुहाइ फिराइ तत्क्षिणे । हर्ष धुंधर्वा बजाय ॥ पुण्य ॥ २ ॥ जेजे जागीरी जागिरदार की। कंखरथ दावी तेह ॥ दीनी पीछी संभलायने । बंध्यो सहुनो स्नेह ॥ पुण्य ॥ ३ ॥ काराग्रह खाली कियो । जेमा रह्या चन्द्र राज ॥ सहू केदी छूटी आवीया । जय२करता अवाज ॥ पुण्य ॥ ४ ॥ देवधर श्रीधर ओलखी । लागो पिताजीरे पाय ॥ बूद्ध हर्ष्यो घणो चित में ।जन्म आधार ये थाय

॥ पुण्य ॥ ५ ॥ गोरी अवसर देखने । तत्क्षिण शभा माहें आय ॥ लज्जा थी सुसरा भरतारने । नीचो सीस नमाय ॥ पुण्य ॥ ६ ॥ वैरागणरो भेष देखने । सहू अश्चर्य पाय ॥ सा करजोडी चन्द्र नृपथी । भणे अति नरमाय ॥ पुण्य ॥ ७ ॥ ए सुसरा ए पति मा हे रा । गया कंखरथ लार ॥ विजय पुर वस्या सासू वहु गइ । रह्या तिहां स परि वार ॥ पुण्य ॥ ८ ॥ अनीती करी कंखरथ मुजा कियो पतिवृत भंग ॥ पश्चस्य स्यूं करुं नात-जी । अव किस्यो म्हारो ढंग ॥ पुण्य ॥ ९ ॥ कहो जलूं ज्वाला विषे । तो पण हुं छूं तै यार ॥ कृपा हुवे ने भलो लगे । तो मिलावो परिवार ॥ पुण्य ॥ १० ॥ पुरोहित एक ऊभो हो भणे । सुणो नीती बुद्ध ॥ परवस्ये कृतव्य जे नीपजे । पश्चाताप ते हुवे शुद्ध ॥ पुण्य ॥ ११ ॥ ॥ श्लोक ॥ परं वस्यं कर्त कर्म । अन्तारंग निर्लिपितम् ॥ पश्चाताप न शुद्धन्ती । न तस्यः जपः तपः ॥ १ ॥ ॥ ढाल ॥ गण कारण मिलाइये । परिवारथी इण तांय । सहू कहे येही योग्यहै । सचित्र हुकम कराय ॥ पुण्य ॥ १२ शोभाग्य वेस पे राइने । दीनी श्रीधर हात ॥ नृप आज्ञा ते मान ने । ले गयो गोरी संगात ॥ पुण्य ॥ १३ ॥ तीनो ने बुलाइ लीलावती । राख्या आपणे पारा ॥ सती उपकार भुले नहीं । दि-यो सुख सहू तास ॥ पु ॥ १४ ॥ विप्र सिपाइ तुरंग को । सुणी चन्द्रसेण नाम ॥ जाण्य

हांसी तेही जीते । आइ कियो प्रणाम ॥ पु ॥ १५ ॥ ओलखी तस शशी रायजी । कियो
घणो सत्कार ॥ सहू समक्ष नृप इम कहे । यांरो मुज पर उपकार ॥ पु ॥ १६ ॥ कन्कपुर
तस आपीयो । ते वकसीस ने माय ॥ वक्त करीया सुकृत्य । इम फलोदय पाय ॥ पु ॥
१७ ॥ और सहू ने संतोषीया । बंदोबस्त किया सर्व ॥ आनन्द वर्त्या राजा में । हुवा
अठाइ पर्व ॥ पू ॥ १८ ॥ काल केतोही तिहां रह्या । श्रीचन्द्र भूपाल ॥ अमोल कही दा
ल तीसरी । पुण्य सुख विशाल ॥ पु ॥ १९ ॥ दुहा ॥ निजपूर जावण रायकी । इच्छा
इ ते वार ॥ हुकम देइ शैन्यापति भणी । शैन्य कराइ तैयार ॥ १ ॥ तीहूं राजा मं
आदि । सातों केदी पण संग ॥ थथा योग्य वाहन रुढे । चाल्या धरते रंग ॥ २ ॥ सुखे
मुकाम करता थका। मनाता निज आण । आया विजयपूर अनुखंग। रह्या सहू सुख स्थान
॥ ३ ॥ बधाइ भेजी आगले । आया चन्द्र भूपाल ॥ सामान्तादि सहु भणी । जणाया ते
हाल॥४॥ सहू सुण अति आणन्दिया । पूर सजाइ कराय ॥ पुण्यात्म संयोगने। हित थी
सहू चित चहाय ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल४ थी ॥ पोष दशम दिन आणंद कारी ॥ यह० ॥
आज विजयपूर नगर के मांइ ॥ हर्षित हुवे सब लोग लुगाइ ॥ आं ॥ द्रविक भाविक क
चरा कढाइ । मार्गने ... माफ कियाइ ॥ सुगंधोदक दिया छिटकाइ । पूष्प वि

सुगंध मह काइ ॥ आ ॥ १ ॥ सिणगार्या हाट हवेली तांइ। नवा नव रंग चित्र विचित्र भर्याइ ॥ द्वजा पताका गुडी फरगाइ । इंद्र पुरीसी पुरी ते वणाइ ॥ आ ॥ २ ॥ नर नारी सहु सज्ज थयाइ । षोडश सिण गारे अमर सुरी दाइ ॥ पुष्प फल कर दधी भात पाणी । कुंभशिर कडी वालक सहाइ ॥ आ ॥ ३ ॥ इत्यादिशुभ सकुन प्रेरक । शुभ द्रव्य ले गोरी सन्मुख आइ ॥ मंज्जुल दीर्घ मनोहर नादे । मंगल गीत रही मिल गाइ ॥ आ ॥ ४ ॥ भूषण वस्त्र गान तानने । वाजिंत्र थी रह्यो गगन गरजाइ ॥ जोता मार्ग ऊभा पूर गोपूरे । नृप दर्श ने नयन लोभाइ ॥ आ ॥ ५ ॥ ततले राय सवारी आइ।पुरजन छुली२ प्रणम्याइ ॥ मध्य वजारे चाली सवारी । जय२ कारे सहूजन बधाइ ॥ आ ॥ ६ ॥ मुक्ता-पल ना मेह वर्षाया। देखत गोरा गोरडी लोभाइ । ठाट पाट से आया भवन निज ॥ उत 'या राज शभा के मांइ ॥ आ ॥ ७ ॥ राज सिंहासण चन्द्रजी विराज्य. । दोनो नृप विराज्या नेडाइ ॥ प्रधानजी प्रधान पदस्थे । यथा योग्य सहू शभा भराइ ॥ आ ॥ ८॥ निजराणा किधा सहू खुशीका । बधाइ में वटे मेवा मिठाइ ॥ सोमचंद्र मंत्री ऊभा होइ । कह सुणियो शभा जन स्थिर थाइ ॥ आ ॥ ९ ॥ होणहार की गति विचित्र । एक रात्री मे श्रेष्ठी बदलाइ ॥ आखिर सत्यकी जय हुइ है। अन्याइ पडया कैद के मांइ ॥ आं ॥

१० ॥ अथथी मांडी इति सूधी । सहू हकिगत दी संभलाइ॥सुन सहु जन अश्चर्य पाया । धन्य२ कहे नृपराणी के तांइ ॥ आ ॥ ११ ॥ सोमचन्द्र और शैन्या पति को । काशमीर देश दिया आधा आधाइ ॥ सोमचन्द्र मंत्री हुवा श्रीधर । शैन्यापति मंत्री गेंदू बण्याइ ॥ आ ॥ १२ ॥ शिछपुर विप्र सीपाइने दीयो । भील परगणो दीया रामाजी तांइ ॥ बुद्धी सागरेन देता जागीरी । सज्जन सेण देवादी नाहीं ॥ आ ॥ १३ ॥ रसोया विप्रने कुल ग्राम दीयो । और वकसीस यथा योग्य दीराइ । वस्त्र भूषणे सहूने संतोष्या । आनन्द मंगल रह्या वरताइ ॥ आ ॥ १४ ॥ सहू केदी ने जुदे२ स्थानक । नजर कैद में दीना ठाइ । आहार वस्त्र की साता सहू विध ॥ वंदोबस्त किया पुक्ताइ ॥ आ ॥ १५ ॥ चारक शाला खाली कराइ । अठाइ महोत्सव दिया मंड़ाइ ॥ दान शाला मांडी घणो देशे । पोशे दुःखीया दीनके तांइ ॥ आ ॥ १६ ॥ सज्जनसेण ने प्रतापसेणजी । काल कित्तोइ रह्या तिण ठाइ॥सहु प्रकारकी शान्ती वरती । लेइ रजा निज राजे ते जाइ ॥ आ ॥१७॥ हिवे चन्द्र सेण नृपती महा राजा । सती लीलावती सब सुख पाइ । पंच इन्द्रिका सुख भोगवे । एकदा खीर सिंधू स्वपन पीयाइ ॥ आ ॥ १८ ॥ जागी नृपने स्वपन जाणायो नृप कहे होसी कुंवर सुख दाइ ॥ स्वपन पाठक पण तिमही प्रकास्या । अखुट द्रव्य दे

किया बिदाइ ॥ १९ ॥ नवमांस बीत्या जन्म कुँवरजी । जन्मौत्सव दशोटण क धाइ ।
गुण निष्पन्न सागर चन्द्र नाम दियो । बृद्धी होवे इन्दू ज्यों पंच धाइ ॥ आ ॥ २० ॥
योग वये सहू कला पढाइ । धर्म नीती भी अधिक सिखाइ ॥ परणाइ राजेश्वर कन्या ।
जुगराज पद दिया वेटाइ ॥ आ ॥ २१ ॥ राज काम सहू संभाल्यो कुँवरजी । चन्द्र ली-
लावती निवरा थयाइ ॥ जन्म सुधारण आगे सुख कारण।धर्म ध्याने तन मन रमाइ ॥
॥ आ ॥२२॥ दान दे देवावे लेव घणो लावो । सील पाले तपें तन तपाइ ॥ शुभ भाव
भावे गावे अमोलख । पटे खन्ड ढाल चौथी सुख दाइ ॥ आ ॥ २३ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥
तिण अवसर भूमन्डले । विश्वऋषि आचार्य ॥ चरण करण ज्ञानीगुरु । तारण जग सिन्धू
नार्थ ॥ १ ॥ महाव्रत सुमती गुप्तीधर । जीत्या इन्द्रि कषाय । ब्रह्मगुप्ती आचार धर ।
छत्तिस गुण शोभाय ॥ २ ॥ सम दम खम उपसम धर । तप जप खप नित्य ठाय ॥
पंचसय मुनिवर संगे । विचरे जन पद मांय ॥ ३ ॥भव्य भाग्योदय आवीया । विजय पु-
री ने वार ॥ मनो रमा उद्यान में । वन पाल आज्ञा धार ॥ ४ ॥ उतर्या सहू मुनिवर
तिहां । ज्ञान ध्यान में लीन ॥ वेयावच्च सज्झाय तप में । रत्या रत्त प्रवीन ॥ ५ ॥❀॥
॥ ढाल ५ मी ॥ कुविश्व मार्ग माथ घिग २ ॥ यह०॥ सुणो भवी धन्य २ मुनि राया ॥

जिन जिन मार्ग दिपायाजी ॥ मनोरम वागीचाने शोभाया । माली हर्ष भरायाजी ॥ सु
॥ १ ॥ अच्छा सिणगारे तन सजाया । राज सभा मांहे आयाजी ॥ कर जोडी नृप ने
ीस नमाया । वधाइ देवे उमायाजी ॥ सुणो ॥ २ ॥ गणिवर विश्व ऋषि मुनि संगे
। विराजा बाग में आइजी ॥ श्रवणी अत्यान्या नरेश्वर । रोम राइ हुलसाइजी ॥ सुणो
॥ ३ ॥ तज सिंहासण वंदन किनो । वकसीस दीवी माली तांइजी ॥ राज चिन्ह वर्जी
त. भूषण । बारालोख हिरण दिराइजी ॥ सु० ॥ ४ ॥ वन रक्षक गया गेह हर्षाइ । म-
हीपत हुकम फरमाइजी ॥ चतुरंगणी सहू सैन्य सजवाइ । सहू चालो दरशन तांइजी ॥
॥ सु० ॥ ५ ॥ नर वर न्हाइ सिणगारे सजीया । पेखी इन्द्र जावे लजीयाजी ॥ सामंत
मंत्री आदि सहू आया । शशी तारे परिवारे छजीयाजी ॥ सु० ॥ ६ ॥ मोटे मयंगले भू-
प विराज्या । कुँवर मंत्रीश्वर साथेजी । और उमराव गयवर यथा योगे । चौपखे नर ना-
चेजी ॥ सु० ॥ ७ ॥ छत्र चमर आण ताप विराजे । अष्ट मंगल आगल चाले जी ॥ अ-
ष्टोत्तर शत हय गय आगे । कोतल भूषण भालेजी ॥ सु ॥ ८ ॥ पायक सहु मुख आगल
चाले । जय २ शब्द उचरंताजी । तुरग स्वार लारे धर भाले । थइ २ नृत्य करंताजी ॥
॥ सु ॥ ९ ॥ तस पाछल रथ मांहे विराजी । लीलावती ने कुँवराणी जी ॥ ठकराणा से-

ठाणी वहुली । भूषण रुपे इन्द्राणी जी ॥ सुणो ॥ १० ॥ अष्ट देश देशनी वहुदासी । निज २ वेस सुहाइ जी ॥ निज भाषा में गीत गावेगगन गयो गरजाइजी॥सुणो ॥ ११ ॥ प्रत्येक रथने आगे वाजिंत्र । जुदो २ तरह झणकारे जी ॥ लारे शिवकाये शाह विराज्या । निज २ घर परिवारे जी ॥ सुणो ॥ १२ ॥ अन्य अनेक पुर जन सहू सजीया । इच्छा जुवी२धारीजा । केइतो मुनि दर्शन काजे । केइ जेष्ट की लारीजी ॥ सुणो ॥ १३ ॥ देश ना सुणवा प्रश्न पूछवा । जोवा प्रषदा मिलण सज्जनो जी ॥ कितोल ठोल तमाशो पेखण । चाल्या मिल वहु जनो जी ॥ सुणो ॥ १४ ॥ वाजिंत्र नादय अंतलिख गाजे । नीशाण नेजा फरराव जी । मध्ये पुरे हो बहु ठाठ हर्षे ।चन्द्र वंदन ने जावे जी। सुणो ॥ ॥ १५ ॥ वाग नेडा आय मुनि देखाया । ऊभा तिहां हू राही जी ॥ विनय विवेक मर्यादा काजे । अभिगमन पंच संचाइ जी ॥ सुणो ॥ १६ ॥ सचित वस्तु रखी सहू दूरी । अजोग अचित पण छोडीजी॥ए कपट सेंडी मुख आ... र सण । नम्र भाव कर जोडीजी । सुणो ॥ १७ ॥ नहीं दुग मनासन आया । पाचा नमायजी । तिखुत्तो विधीस्यूं वन्द्या । आनन्द उर न समायाजी ॥ सुणो ॥ १८ ॥ लीलावती आदि सहू नारी । ते पण इण प्रकारोजी ॥ छइ निंजर केरी पण आया । पाप हरण ने विचारो जी ॥ सुणो ॥

॥ १९ ॥ पुरजन आदि प्रषदा भराइ । जोग आसन बेठाइजी ॥ मुनि मुख पेखत त्रप्त न-होवें । नयण वयण विकसाइजी ॥ सुणो ॥ २० ॥ ❀ ॥ घन ॥ चकोर निशापति देख ह-र्षाया । रवी दर्श कमल विकसाया ॥ घन गर्ज केक नृत्य ठाया ।युवती संग यौवनी लुब्धा-या ॥ भ्रमर कुसूम रस लपटाया । राज हंस मुक्तासिन्धू पाया ॥ एसे भवी गुणी मु.नि पासे । अमोल मन होत है उल्लासे ॥ जी जिन तूंही ! ! ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ षटम हु-ल्लास यह धर्म प्रकाशक । ढाल पंचम मन रंगेजी ॥ कहे ऋषि अमोलख आगे । धर्म क-था उमंगे जी ॥सु॥२१॥❀॥दुहा॥ परिषद भरी मुनि आगले।वाणी सूण नउमंगाय॥क्षुदित अन्न नीर पिपा सित॥ जिमते लवल्या लगाय ॥१॥ आस निरासी कारणे।तारण जगोद धी जंत॥ वारण अघ संचित सघन । धारण गुण निज नंत॥ २ ॥ निरिच्छित यश शिष्य द्रव्य । इच्छित परोप कार ॥ मयुर स्वरे बुठे घटा । गर्जारव तेंमकार॥ ३ ॥ अक्षेप विक्षेप कारणी॥ संवेग वेराग्य पूर ॥ देवे मुनिवर देशना । सुणे श्रोत हर्ष नूर ॥ ४ ॥ ❀ ॥ढाल ६ठी ॥ चन्द्रायणामें ॥ प्रथम नमन करी श्री नवकार ने । देवे देशना भव्य जीवोंको तारने । सु-णो श्रोता प्रमाद अंगर्थी टारने । निश्चय कर जिन वाणी लो चित धारने । भव भ्रमण मिट जाय पाय गति सारने ॥ षणहां ॥ जो तुम वांच्छो होवा खेवा पारने ॥ सुणो हो

भव्य लोको । लावो लेवो जी अवसर पायके ॥ आं ॥ १ ॥ भ्रमण करत चौरासी लक्ष ज्योनि मांय तूं । पर वश रहियां दुःख अनन्ता पाय तूं । क्षेत्र वेदना नर्क मांय अति सहाय तूं । छेद भेद तिर्यंच गती में थाय तूं । मनुष्य भिख्यारी देव सेवक कहवाय तूं ॥ पणहां ॥ इम चहू गति में भ्रमण करत इहां आय तूं ॥ सुणो ॥ २ ॥ नीठ२ ये पायाहै नर देय ने । आर्य देश उत्तम कुल में जन्म लेयने । काया निरोगी इन्द्रि पूर्ण छेयने । दीर्घ आयु निग्रन्थ गुरुजी सेयने । सूत्र सुणो शुद्ध राखो श्रद्धा नेयने ॥ पणहां ॥ धर्ममें पराक्रम फोडे मुक्ति मिले जेयने ॥ सुणो ॥ ३ ॥ काचा कुम्भ कांच सीशी जैसी काय छे यत्न करंता छिनमे छेह देखाय छे । सात धातू मल मूत्रसे उत्पन्न थाय छे । शुद्ध करण ने क्यों भल२ ने नहाय छे । ऊपर चर्म विष्टित घिनता माय छे ॥ पणहां ॥ तप क्रिया थी काया पाक कहवाय छे ॥ सुणो ॥ ४ ॥ ❀ ॥ मनहर ॥ देख इस शरीर में । अनेक सुख मान रह्यो । इतनी तो विचार । यामें कौन बात भलीहै ॥ हाड हाड विच मांस । मांस विच नशा जार । पेटसी मिटारी तामे । थोड२ मली है ॥ हाडनके हाथ पांव । हाडन के दांत नाक । हाडनके पिंजर में । हाडन की नलीहै ॥ शंकर कहे देख जन । या को तूं भूली मत । भीतर तो भंगार भरा । ऊपरसे कली है ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ मात

पिता सुत भ्रात कुटुम्ब और कामनी । सब स्वर्थ का जान खुशामत दामनी । विन मत लब नहीं कोइ सेवा करे श्वामनी । हुकम सहू उठाय धन लेवा हामनी । सब दूरा भग जाय बिगडे काया चामनी ॥ पणहां ॥ मूर्ख रह्या लल चाय खोवे खर्च नामनी ॥ सुणो ॥ ५ ॥ ❀ ॥ श्लोक शार्दुल० ॥ वृक्षं क्षिण फलं तज्यति विहंगा । शुष्कं सर सारसा ॥ निगन्दः कुसुमं तज्यंति मधुपा । दग्धं वनात मृगाः ॥ निर्द्रव्य पुरुषं तज्यंति गणिका । भृष्टं नृप सेवकाः ॥ सर्व स्वार्थ वश जगोपि रज्यते । नो कस्य को वल्लभाः ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ पंच इन्द्रिना भोग रोग सम जाणीयें । फल किंपाकनी औपमा तास वखाणिये । भोगतां लागे मिष्ट प्रणाम दुःख खाणीये । मृग मपतंग मीन कुंजर यह प्राणीये । एकेक इन्द्री वश भर्या अन्नाणीये ॥ पणहां ॥ पंच इन्द्री वश जे तस गत किसी जाणीयें ॥ सुणो ॥ ६ ॥ ❀ ॥ श्लोक उपजती० ॥ कुरंग मतंग पतंग भृंगा । मीन हता पंच भिरेव पंच ॥ एके प्रमादे सतते हन्यतेय । सेवितया पंच कथं चिरायु ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ आयुष्य चंचल जानो कुंजर का कान जो । पाणी बुद बुदा अथिर पीपल का पान ज्यो । औस नन्द विद्यु प्रभ संध्या का भान ज्यों । क्षिण२ होय विनाश सडेला धान ज्यों । विश्वास नहीं क्षिण एक पारधी बान ज्यों ॥ पणहां ॥ क्यों रह्या अचेत समजकर छान जो ॥

सुणो ॥ ७ ॥ ❀ ॥ श्लोक ॥ आयुर्वर्ष सतेन्द्राणां प्रमितं । रात्रोतदर्ध गतं ॥ तस्या र्धस्य तदर्ध मर्धम परम । बालत्व वृद्धत्व यो ॥ शेषं व्याधी वियोग दुःख सहितं । सेवादी भिर नीयते ॥ जेवे वारी तरंग बुंद२ समें सौक्य कुतः प्राणी नाम ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ जग जोरु जमीन जगमें अथिर है । इस काज लडे केइ भूप मरे केइ वीरहे । किनके साथ नहीं गइ जला डाला हीर है । परिग्रह इसका नाम क्यों करता पीर है ।पुण्य से ढग मिल जा य पापे जावे खिरहै ॥ पणहां ॥ समाता रखे दिल माहे बडावे धीरहै ॥ सुणो ॥ ८ ॥ ❀ ॥ श्लोक ॥ कन्क कान्ता सुत्रेण वेंष्टितं सकलं जगत् ॥ता सूत्रे षु वि मुक्तेपु।द्धि भुजा पर-मेश्वरं ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ संसार माहे जे जीव ते सुखिया नहीं । धन वंत तथा गरीब देखो द्रष्टे सही । गरीब करे धन आस धनवन्त चिन्ता गही । अहो निश धन्धा माहे जाय जगका वहीं।निश्चिन्त जे होय छोड जग फन्द दही॥पणहां॥साधू निरागी जेह तेह सुखिया मही मही॥॥सुणो॥९॥❀॥गाथा॥❀॥नवीसुही देवता देव लोए।नवी सुही पुढवी पइराया॥ नवी सुही सेठ शन्या वहीए।एकन्त सुही साहू वियगगी॥१॥❀॥ढाल॥काया कुटम्बके काज अकाज घणाके ।त्रस स्थावर जे जीव प्राण तेहना हरे।पोते वान्धे कर्म पेट दूजा भरे । भोला सम जे नाय दुर्गत से ना डरे ! काय कुटम्ब यहां रेय विसी जीव पर पडे ॥ पणहां ॥ समजे

कोइ सुजाण निर्ममत्व पद वरे ॥ सुणो ॥ १० ॥ त्रण सरण नहीं कोय जक्तमें तेराहै ।
सब मतलब के काज कुटम्ब तुज घेराहै । मुढ इसमे भरमाय कहे मेरा मेरा है । इस दु-
निया के मांय दो दिनका बसेराहै । कर सुकृत करणी जीव आय तेरे लेरां है ॥ पणहां
धर्म सदा सुख कार आधार घणेरा है ॥ सुणो ॥ ११ ॥ ❀ ॥ श्लोक ॥ शिखरणी ॥ पि
ता माता भ्राता प्रिय सहचरी सुनु निवहः । सुहृत श्वामी मद्यत्करी भट रथाश्व परिकरः
निमज्जंतं जंतू नरक कुहरे रक्षितू मलम् । गुरोर्धर्मा धर्म प्रकटन त्कोऽपि नपरः ॥ १ ॥ ❀
॥ ढाल ॥ धर्म दोय प्रकार कह्या जिनराजरे । पहिला सूल धर्म जाण सुणे व्याख्या नाज
रे । नव तत्व भेदानु भेद धारे हीया माजरे । षट द्रव सप्त नय निक्षेप प्रमाणाजरे ।
चतुर्थ गुणस्थान रह्या छे घणाजरे ॥ पणहां ॥ मोक्ष गामी निश्चय तेह बैठा धर्म जहाजरे
॥ सुणो ॥ १२ ॥ दूसरा चरित्र धर्म भेद दो जाणरे । सागारिक श्रावक वृत पहचानरे ।
अणुवृत हे पांच तीन गुण खाणरे । शिक्षावृत चार धार शास्त्र प्रभाणरे । पंचम गुणस्थानक
स्फर्श्य सु प्राणरे ॥ पणहां ॥ पंदरह भवके मांय निश्चय निर्वाणरे ॥ सुणो ॥ १३ ॥ दूज
अणगार के वृत पांच मोटा सही । अहिंशा सत दत ब्रह्म निर्मत्व गही । निशी आहार
के त्याग ए कदा खन्डे नहीं । माता जे प्रवचन वर्सुपाले चही । मर्याद में उपकरण रखे

ममता दही ॥ पणहां ॥ एक या तीजे भव मुक्ति तेही लही ॥ सुणो ॥ १४ ॥ इण प्रमा
ग कमाइ बणे सो कीजीये । सर्व देश व्रत दोनों सदे सो लीजीये । अभय सूपात्र दान
नित्य प्रत दीजीये । सम्यक्त्व युक्त सहू धर्म चैतन्य आदरीजीये । जिनागम रहस्य धार
अनुभव सुधा पीजीये ॥ पणहां ॥ प्राप्त मानव भव सफल करीने जीजीये ॥ सुणो ॥१५
॥ कहणा हमारा करना मरजी श्रोता तणी । जो मानेगा वात तो शोभा रहसी
घणी । दोइ भव मिलसे चेन छूटसे दुःख अणी । नहीं तो चउगत मांहे होसी फजीती
घणी । हात न रहसी वात पछतासो सुख भणी ॥ पणहां ॥ वक्त पर चेते जेह तो होवे
शिव धणी ॥ सुण ॥ १६ ॥ जब तक शरीर सशक्त तब तक होवे धरम । वृद्ध पणा जब
आय होवे ताकत नरम । इंद्रियों बल हट जाय चित में रेवे भरम । शुद्ध बुद्ध वीसर जा
य रहे न जरा शरम । फिर मन में मुरजाय बान्धे उलटा करम ॥ पणहां ॥ अवसरे लेवे
लाभ तो पावे गति परम ॥ सुण ॥ १७ ॥ ❀ ॥ श्लोक शार्दुल ॥ यावत् स्वस्थ मिदं
शरिर मरुजं यावज्जरा दूरतो ॥ या वच्चाग्द्रिय शक्ति प्रतिहता यावच्चिरो वायुपः ॥
आत्म श्रेय सिताव देवही जनेः कर्तव्यं धर्मोद्यमः । संदिप्त भुवनेहि कुप खननं प्रत्युद्यमः
किं दशः ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ इत्यादि बहू भांत उपदेश सुणावीयो । जिन वाणी रुप

तोय श्रोतांने पावीयो । भव्य जीव चत्रक समान हीयो उल्लसावीयो । जावाशा जिम कुद्र
ष्टी हीये सुरजावीयो । भव्य जीवोंको मिथ्या ताप नशावियो ॥ पणहां ॥ स्याद वाद सद्रूप
शिव पन्थ वतावीयो ॥ सुणो ॥ १८ ॥ सुणी घणा जमन वैराग्य मनमें आणने। सम्यक्त्व
धारी तीन तत्व पहिचान ने । केइ श्रावक व्रत लिया हित जाण ने । केइ संयम लेवा चि
तमें ठाण ने । इम घणो उपकार हुवो विज्ञान ने ॥ पणहां ॥ नृप आदि सहू वन्दे मुनि
जग भाण ने ॥ सुणो ॥ १९ ॥ नमन विधी सुं करी गुण मुख ऊचरी । बैठा वाहणे आय
हर्ष दिलमें धरी । आया जिन दिस जाय साहू साथे करी । मार्ग में वाख्वान तणी करता
चरी । आया निज२ स्थान गुन हृदय भरी ॥ पणहां ॥ मुनिराज महाराज ज्ञानादि गुण
झरी ॥ सुणो ॥ २० ॥ छट्टो उल्लास छट्ठी ढाल औछावणा । भव्य जन सुण वैराग्य मनमें
लावणा । शक्ति सम पच्चखाण चितमें ठावणा । वक्ता रस भर श्रोता आगे गावणा । हू
बहू वैराग्य रस दरसावणा ॥ पणहां ॥ कहे ऋषि अमोल राग चन्द्रायणा ॥ सुणो ॥ २१
॥ ॥ दुहा ॥ दूसरे दिन ते नृपती । कराइ सैन्य तैयार ॥ पूर्व पर सब ठाठ ले । आइ
वन्द्या अणगार ॥ १ ॥ चन्द्रसेण कर जोडने । पूछे मुनिसे आम ॥ पुर्व जन्म की मुज क-
था । कृपा करी कहो श्राम ॥ २ ॥ किस्या कर्म किया हमें । तेहथी पाया दुःख ॥ राज

गयो कंखरथ कर । कुबुद्धी करी दुमुख ॥ ३ ॥ कृपा करी फरमावीये । जेहथी टले संदेह ॥ हलु कर्मी प्राणी सुणी । कर्म वन्ध डर लेह ॥ ४ ॥ विश्व ऋपि कहे भूपति । सुणो पुर्वे विरतंत ॥ जे कर्म बन्धे जीवडो । ते भुक्त्या छुटन्त ॥ ५ ॥ ॥ ढाल ७ मी ॥ श्री वीर जिन्द सासन धणी ॥ यह० ॥ मुनिवर कहे भव्य सांभलो पुर्व भव वातां । वैर वांध्या इण जीवडे । तिणथी दुःख पाता ॥ ज्ञानी भुक्त ती वक्त । दोष नहीं किणरो दरसाता । वीनी वात जे होय ते भवों जन ने सुणाता ॥ एक चित रख सांभलो ए जिंद्र वीकथा टार ॥ संवेग पामी अहो जीवां । लीजो संयम भार ॥ १ ॥ पश्चिम दिशीरे मांय । देश संडिल मनोहर ॥ तिहां राय धानी ग्राम । साणंद नाम छे सुख कर ॥ सम्राट विभू नृप । न्याय ने नीती गुण धर ॥ कमलनी नामे नार । शील रुप गुण आगार ॥ वाणी नीधी प्रधान जी ए । सुखे२ करे राज ॥ पुण्य प्रबल जग जेहने । तेहने कमी कछू नाज ॥ २ ॥ तेहि नगरी मांहे वसे धन पाल व्यवहारी ॥ धन धान्य घर पूर्ण । लक्ष्मी नामे तस नारी ॥ पूर्व पुण्य ने जोग । कुमर युगल जन्म्यारी ॥ रुप कला ए बुद्ध वन्त । नीती ए कुल उद्योत कारी ॥ मोटा हुइ ग्रह कला भण्या । मंत्री हुआ दोइके दोय ॥ धनदत को सुदेव छे । श्रीदत्त चारुदत्तरे जाय ॥ ३ ॥ तिण नगरी में वणिक वसे वसुदत्त ए नामें । यशो

मती तस नार । नाम तैसा प्रणाम ॥ तेहना नंदन दोय हरीचंद गुणचंद पामे ॥ बुद्धि वंत पुण्य वंत । भणी लग्या घर के काम ॥ द्रव्य अल्प छे घर विषे ए । करे तुज्छ वैपार ॥ ष्कर होवे आजीविका । फिर ते नयर मझार ॥ ४ ॥ हरीचंद ने गुणचंद । मंत्री छे प्रेमे प्यारो । सुनक्षत्र ने वरदत्त चारों मिल कर वैपारो ॥ खावण पहरण लेन देण बहू आपसमें ज्यारो ॥ कोइ बात को अंतर रखे नहीं ते लगारो ॥ इम सुख थी काल निर्गमे ए । काल केताइ मांइ ॥ धनपाल नामे सेठजी । विदेशे कमावा जाय ॥ ५ ॥ धन दत्त श्रीदत्त इम जाण । आया पिताजी पासे॥में जावां परदेश। आप रहो घरे उल्लासे ॥ बृद्ध वय तुम तात पुत्र जन्म्या शीं आसे । येही वक्त आवे काम । भाग्य पिताजी तपासे ॥ भाग्य परिक्षा प्रदेश में । गयां मनुष्य की थाय । बुद्धि बल चातुरी वडे । कमित होय स्वाय ॥ ६ ॥❀॥ दुहा ॥ पान पदार्थ सुगड नर । अन शोल्याइ बिकाय ॥ ज्यों२ प्रदेश संचरे । त्यों२ महेंगा थाय ॥ १ ॥ ॥ इम सुणी पुत्र बचन । पिता आणंद अति पाया ॥ शुभ महूर्त दे खाय । नगरमें पडह बजाया ॥ अमुक दिन धनपाल कुमर परदेश सिधावे ॥ जो जासी तस लार तास ते राज दिरावे ॥ वैपार करी वर्ष पांच मेंए । पाछा आसी इण ठाय ॥ इम सुणी वैपारी घणा । मनमें हर्षित थाय ॥ ८ ॥ हरीचंद गुणचंद दोनों । सुणी

पिता कने आया ॥ कर जोडी शिर नामी । पोताने विचार जणाया ॥ हम जावां धनदत्त साथ । करण विदेश कमायां । आप प्रशादे कमाय । थोडा दिन रहसां आवा । पुत्र व-चन वसुदत्त सुण । शक्ति सारु धन देय ॥ होंश्यारी से रहजो सदा । विश्वासी इम के-य ॥ ८ ॥ दोनों दोइ मिल बुलाय । मन की बात जणाइ ॥ ते पण कहे तुम साथ। हमे पण चालां भाइ ॥ तात नी आज्ञा लेय । लियो वित्त करण कमाइ ॥ हरीचन्द भेगा मी ली।धनदत्त गेह चल्याइ ॥ वहू जन आया देखनेए । धनदत्त हर्षित थाय ॥ देशावर में खपे जिसो । मालथी सकट भराय ॥ ९ ॥ सहू जणा हिली मिली । अंबू निध तीरे आ-या ॥ मोटा मजबूत वाहणो लाया माल भराया ॥ शुभ सुकन शुभ महूर्त बेठा सहू जन माया ॥ योग्यविधीये पूज तिहांथी वाहन चलाया ॥ निर्विघन ते चालना । थोडा दिनके मांय ॥ वरुद्वीप में आवीया । वाहण कंठ थो भाय ॥ १० ॥ आपणो २ माल लेइ । सच थले उतरिया ॥ जुदा २ गाडा मांय । जुदा २ माल ते भरिया ॥ उक्षीया नयरी मांय सहु जण मिल संचरीया ॥ जुदी २ जोग हट सहू जन भाडे करिया ॥ जुदो २ वेपार क-रता थका । जुदी २ बुद्धि चलाय ॥ वसुदत्त पुत्र ने पुण्य थी । कमाइ हुइ स्वाय ॥ ११ ॥ थोडा दिनारे मांय । कोटी सोनैया कमाया ॥ ते देखी सहू साथ मन में आश्चर्य पाया

॥ तिहां का वैपारी नागदत्त । हरीदत्त पासे आया ॥ रूप पुण्य विते देख । मन में अति हर्षाया ॥ निज पुत्री परणाववा । आमंत्रण जस कीध ॥ अवसर ज्यो हरी चंदजी । वाक्य ते मानी लीध ॥ १२ ॥ अति आडंबर कर धूर्यो तिणने परणाइ ॥ धन दियो बली घणो । खुशी हुवा सुसरा जमाइ ॥ हरीचंद मदन रेखा दोनो । विलसे सुख देवता साइ ॥ भाइ मंत्री चलावे वैपार । फिकर दिल में नहीं कांइ ॥ इम ठाठ इणरो देखके ए । धन पाल पुत्र दोय ॥ उदासी मन में धरे । पुण्य विना कांइ होए ॥ १३ ॥ तिहां रहतां दिन घणा हुवा । धनदत्त ते वारो ॥ जावा भणी परदेश । माल कीधो तैयारो ॥ हरीचंदने कह्या समाचार । ते हर्ष्या ते वारो ॥ गुण चंद ने चेताया हुया चलवा तैयारो । नागदत्त हट करी घणी । नहीं मानी तस बात ॥ माल भराइ रथ में । धनदत्त साथे जे आत ॥ ॥ १४ ॥ सहू जणा मिली ताम । समुद्र के कांठे आवे ॥ अर्ध २ वाहण बाँट । ते मांहें माल भरावे ॥ पुत्री पिता से मिली ने अधिको नेह जणाये ॥ जन्म विछोवा जाण । नेणा नीर वहावे ॥ शिर कर ठवी नगदत्त तव । पुत्री ने शिक्षा देय ॥ मन उदासी धरनो थको । फिर आयो घर तेय ॥ १५ ॥ शुभ शुकने हुवा आरुढ । चल्यो वाहण ते वारो ॥ हरीचंद ऋद्धी देख । धनदत्त पस्तावे अपारो ॥ दरिद्री अ या लारे । आधो वाहण

भर्यो यांरो ॥ लालच दे गुणचंद ने । फटायो वे विचारो ॥ ते भोलो समज्यो नहीं । दग॥ फटका के मांय ॥ धनदत्तरे हुकमें चले । एक दिन अवसर पाय ॥ १६ ॥ कुहुमा नाम को गुमासतो । तेहने तिहां बुलायो ॥ धन हरण विरतंत लालच दे तास चतायो ॥ भाग लेवण ले वचन । तिणरे हुकम में थायो ॥ श्री दत्त संग वन्ध्यो प्रेम । जाणे भाइथी स-वायो ॥ इम संप कर श्री दत्त तव । हरी चंद मारण उपाय ॥ कुवुद्धि उपाय ने । करण लग्यो अन्याय ॥ १७ ॥ खाटलो एक लेय । वाहण वाहिर वन्धायो ॥ मिष्ट वचन धन दत्त । हरीचंद भणी बुलायो । भद्रिक समज्यो नाद । खाट पर तास वेठायो ॥ धनदत्त ह-री चंद दोय । वातनो नाद लगायो ॥ कपटी श्री दत्त आयनेए । नाडो काट्यो तेह ॥ हरी चंद उदधी में पड्यो । कर्म गति ये जेह ॥ १८ ॥ उदधी में पडंत स्मरण नवकारनो कीधो ॥ पुण्य जोगथी तदा । काष्ट कटको कर लीधो ॥ तात्क्षिण हुवा स्वार । पाणी में जावे सीधो । तीन दिन के माय । पार पाया जलनीधो ॥ तिण वन मांय जाय नेए । कि-यो फल फूल को अहार ॥ काल निर्गमन दुःखथी करे । रहे तिण वन मझार ॥ १९ ॥ गुणचंद इण पर देख । मन में रोस भरायो ॥ श्रीधर मारण काज । धम २ तो आयो ॥ धनदत्त श्रीदत्त दोय । तिण ने मार दवायो ॥ चारुदत्त मंत्री सहाय करण आयो तिण

टायो ॥ तेतले गुणचंद बान्धने ए । चारुदत्त पकड्यो जाय ॥ बंधन में तस बांधने दियो तिहांही गुडाय ॥ २० ॥ श्रीदत्त तिहां बेठाय । धनदत्त औरी में आया ॥ चरुदत्त जोश में आय । बंधन तटकें तुडाया ॥ फिर बन्धयो फिर तोड्या । इम तीन वार कराया ॥ फिर तोड्या तिण वंधा पाणी में दीया वहाया॥इम हंसी कर्म करे जीवडा । भुक्तां मुशिकिल होय ॥ अमोल भणे ढाल सातमी । कर्म करो मत कोय ॥ २१ ॥ ७ ॥ दुहा ॥ गुणचंद चरुदत्त भणी । दिया समुद्र में डाल ॥ मच्छ पृष्ट जाइ पड्या । आयो नहीं जरा आल ॥ १ ॥ इतरे ते मच्छ चालीयो दोड़ बैठाहो होंश्यार ॥ थोडी बेरने अंतरे । महीपर कियो उतार ॥ २ ॥ तिण वनमें फिरतां थकां । हरीदत्त मिलियो आय ॥ देखीने हर्ष्या घणा । मिल्या धरी उत्सहाय ॥३॥ मदनरेखा सुनक्षेत्र की।पुछे हरिचंद वात ॥ ते कहे हम जाणा नहीं । लार तुमारे आत ॥ ४ ॥ तीनों जणां तिहां रहे । करी पुण्य फल अहर ॥ हेवे पिछली वाहण तणो । चरी सुणो नर नार ॥ ५ ॥ ढाल८मी ॥ नव घांटी माहें भटकत आयो ॥ यह० ॥ मदन लेखा ए तमाशो देखी । थर२ धूजी देह ॥ अररर अब म्हारो किस्यो होसी । सज्जन दीधो छेह ॥ जोवो पूर्व विरतंत राजाजी ॥ जो० ॥ १ ॥ सुनक्षेत्र के पास ते आइ । करवा लागी विलाप ॥ सुनक्षेत्र कहे धरो धैर्य । कांइ होवे

कियां संताप ॥ जो ॥ २ ॥ तेतले तो धनदत्त तिहां आइ । बोले इण प्रकार ॥ ते तो पुल हूंता दरिद्रिका । पुण्य हीण निराधार ॥ जो ॥ ३ ॥हम छां नगर सेठ का कुँवर । जोवो हम बिलास । तेह दारिद्री की आसा छोडो । पूरो सघली आस ॥ जो ॥ ४ ॥ सुनक्षेल सुण रीस भरायो । लडवा हुवो होंशार ॥ विश्वास घाती अरे महा पापी । क्यों बोले अ-बिचार ॥ जो ॥५॥ धनदत्त सुणी क्रोधातुर हो । पडयो तिण ऊपर जाय ॥ मुशक्या बन्धी थप्पड मारी । मन में अधिक पोमाय ॥ जो ॥ ६ ॥ इम देखी मदन रेखा घबराइ । मरणो मनमें धार ॥ चुपकेथी ते ऊठी भागी । पडवा दरिया मझार ॥ जो ॥ ७ ॥ धनदत्त आडो तस फिरियो । ऊभी नीची द्रष्ट धार ॥ भोगोप भोगकी करे आमंत्रण । तेहने वारम्वार ॥ जो ॥ ८ ॥ रीशाणी बोले मदन रेखा । अरे निर्लज सिरदार ॥ म्हारा ही कुटंब को नाश करीने । इछे सुखवे विचार ॥ जो ॥ ९ ॥ संतस हुइ तस जाणी धन दत्त । एक कोटडी मांय ॥ बेठाइ बाहिर तालो लगायो । बेठो स्थाने आय ॥ जो ॥१० ॥ मदनरेखा अति आर्त करे मन । अहो२ कर्म प्रकार ॥ तात मात तो रह्या बेगला । वि च डूब्या भरतार ॥ जो ॥ ११ ॥ निशा व्यापी तम पसरत धनदत्त । आयो मदनरेखा पास ॥ मधुर वचन थी तास संतोषि । करे भोगकी अरदास ॥ जो ॥ १२ ॥ मानेनी री

स भरी तब भाखे । क्यों लाग्यो मुज लार ॥ कर कालो मुख वेगो यहां थी । नहीं तो मरुं इण वार ॥ जो ॥ १३ ॥ दुष्ट धनदत्त तब रीसे प्रजली । मदनरेखा बांध । वाहण का तलियामें डाली । भोगव दुःख तूं रांड ॥ जो ॥ १४ ॥ अवसर विचारी बोले सुनक्षेत्र । कहो सो करस्यूं काम ॥ दया लाइ तस बन्धन छोड्या । राख्यो तिणने तिहां स्थाम ॥ जो ॥ १५ ॥ मदनरेखा गरमी थी घबराइ । आयुष्य पूर्ण थाय ॥ अकाम निर्जरा सील प्रभावे । भवनवासी नी देवी थाय ॥ जो ॥ १६ ॥ दिन ऊगां तस प्रेतने जोइ । दी गुप्त जलमें पठराय ॥ पस्तावो कियो हातन आयो कुछ । मेहनत निष्फल जाय॥ जो ॥ १७ ॥ सुनक्षेत्र बात ए जाणी ॥ मोह वश होइ अन्ध । पडी मयों समुद्र के मांहीं।भवनवासी में हुवो उत्पन्न ॥ जो ॥ १८ ॥ हरिचंद आदि तीनों वनमे । कियो वनफल को अहार ॥ रोग व्यापो मरीने तीनों । लियो भवनपती में अवतार ॥ जो ॥ १९ ॥ मदनरेखा देवी हुइ हरीचंदकी । तीनो सामानिक हूवा देव ॥ एक पल्य को सहू आयुष्य पाया । करणी का फल लेव ॥ जो ॥ २० ॥ येह बात तो रही इहांही । हिवे वाहण नो बयान ॥ अ... ढाल अमोलख दाखी । आगे सुणो धर ध्यान ॥ जो ॥ २१ ॥ ॥ दुहा ॥ वाहण तिहां थी चालीया । पाप उदय हूवा आय ॥ अकाले गाज बीजीयो । पवन रह्यो सणणाय ॥ १

॥ थरर जहाज धूजण लगी । मचो घणो अहंकार ॥ अहो कर्म किया प्रगट्या । लोक व-
दे यों वाय ॥ २ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ पाप छिपाया न छिपे । छिपे तो मोटा भाग ॥ दाबी
दूबी न रहे । रूइ लपेटी आग ॥ १ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ कडा कड लकडी भागकर । उडीने
चउदिश जाय ॥ कुकर्मे वर्ज्या नहीं । ते डूब्या जल मांय ॥ ३ ॥ धनदत्त आदि चारुंके ।
मछवो आयो हाथ ॥ पवन वेग ते चाली यो । सिन्धू तीर ते पात ॥ ४ ॥ चारोंइ तिहां
उतरिया । गया ते अटवी मांय ॥ क्षुधा समावा कारणे । फल ते तोडी खाय ॥ ५ ॥ ❀
॥ ढाल९ मी ॥ गोतमरासा की देशी में ॥ फिरता चारुं तिण वन विषे जी । तापस को
देख्यो एक ठाम ॥ जटा धारी बाबा घणा । राख रमाइ अंग तमाम जी । करे धान्य
जपे प्रभु नामजी । तिणरे आतम साधण स्युं कामजी । चारों आया आचार्य जामजी ।
बैठा करी लुली प्रणाम जी ॥ सुणो राजिन्द्र पूर्व जन्मकी कथा ॥ १ ॥ तापसा चर्य कहे
तेहथी । तुम कहां से आया भाय । चेहरादीसे उदासियः कहो जे होवे मन मांय जी ।
ते कहे श्वामी सुणो हम वायजी । माले ले सिन्धु में रह्या आयजी । मारग में जहाज
डूब्यायजी । नाव थी वारीपर थायजी । तुम दर्श हुवा पुण्य सहायजी ॥ सुणो ॥ २ ॥
तापस सद्बोध कहे तदाजी । फिकर न कीजे भ्रात ॥ तन धन संपत कारमी । या पुण्य

थी भेली थातजी । पाप उदय आयां विरलातजी । इने छोडे ते सुख पातजी । फिर
चिन्ता कभी नहीं आतजी । परभव मे मिले चहातजी ॥ सुणो ॥ ३ ॥ ❀ ॥ श्लोक
शार्दुल ॥ आयुर्वारी तरंग भंगूतरंग श्री स्तूल तुल्य स्थिती ॥ स्तारुण्यं करि कर्ण चंचल
तरं । सस्रोपमाः संगमाः ॥ यच्चान्यद्र मणी मणी प्रभृतिकं वस्तुंच तच्चा स्थिरं ॥ चिज्ञा
येति विधीय ताम सुमता । धर्मः सदा शाश्वतः ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ इम उपदेश सुणी
योगी को जी । वैराग्य आणी मन ॥ योगाश्रमी चारों भया । ते आचार्य ढिग तत्क्षिण
जी । सीख्या रीति करी नमन जी ॥ करे नित्य आतम दमनजी । ज्ञान ध्यान ने नाम ज-
पनजी । इम वीतावे ते दिनजी ॥ सुणो ॥ ४ ॥ एक दिन श्रीदत्त वन विषेजी । लेवा
गयो कंद अहार ॥ जावता जुगल पेखियाजी । कुरंग सुन्दराकार जी ॥ तास करतो थो
सिंह सिकारजी । ते देखी कष्ठ प्रजारजी । आगे से कियो सिंह परिहार जी । मृग मान्यो
तस उपगारजी ॥ सुणो ॥ ५ ॥ कंद फल लेइ आवीयो जी । चारों ही जीम्या तास ॥
दर्शना वरण घेरो दियो कियो तिहां आरामजी।श्री दत्त ऊठीयो जामजी।एक तापस उपक
रण तमाम जी । हँसी में छिपाया गुप्त ठाम जी। पाछो सूतो निज विश्राम जी ॥ सुणो ॥
॥ ६ ॥ तापस उठ जोया नहीं जी । उपकरण हुवो अधीर ॥ पूछे बतावो लिया किणे ।

जले छे महारो हीरजी ॥ श्रीदत्त हंसी मेल्या तीरजी । इम हंसे सदा फिर फिरजी । ए क अन्य तापस मिल पीरजी । हिल मिल रहे खीरें नीर जी ॥ सुणो ॥ ७ ॥ पुष्प फल तास लाइ देवेजी । रेवे दोइ जणा पास ॥ तप किया नित्य साचेवासहन करे भूख प्यास जी । मित्र जयदेव मानी जासजी । रहे अभीमाने छक हुल्लास जी । दोइने पडी प्रेमकी फासजी । वीती वात कही सहू खास जी ॥ सुणो ॥ ८ ॥ एकदा अजाणे कोइजी । तापस पड्यो कूप मांय ॥ तेहने कहाड्यो जीवतो । धनदत्त ते पुण्य बंधाय जी ॥ वली भद्रिक भावे सदायजी । सहू तापस नी चित लायजी । करे सेवा साता उपजाय जी । ते हर्षा सहू भणी सुहाय जी ॥ सुणो ॥ ९ ॥ चारुदत्त राम भावथी जी । आतम साधन करंत ॥ तीनोइ मित्र ने ऊपरे ते अधिको प्रेम धरंतजी । हुकम प्रमाणे चरंतजी । इम चारोंनो विरतंतजी । पांचामो भेलो श्रीदत्त मिंतजी ॥ सहू सुखथी काल वीतंतजी ॥ सु ॥ १० ॥ किताक काल के अंतरे जी । जुदा२ चवीया चार ॥ जोतषी गृह विमाण में । एक पल्य माठे रो आयु धारजी । विलसे सुख तिहां श्रेय कारजी । नाटक चेटक नव२ त्यारजी । देवना सुख छे अपारजी ॥ सुणो ॥ ११ ॥ हरीदत्त भवन थकी चवी जी । बाकी रह्या पुण्य प्रभाव । कन्कपूर शौरी राजा घरे । जन्म्य हुवो औछावजी । नाम कंख-

रथ थावजा । भण्या कला नीती दरसावजी । तव हुइ राज की चाव जी । गादी बैठ धर उत्साव जी ॥ सु ॥ १२ ॥ मदनरेखा देवी चवी जी । पोलास पूर मझार ॥ जीनारी राजा घरे कुंवरी पणे लियो अवतारजी ॥ पुर्व भवने नेहा धार जी । परण्या कंखरथ कुंवार जी । कुसीता राणी नामे नारजी । रहे सुखे स्त्री भरतारजी ॥ सु ॥ १३ ॥ गुणचंद शिष्ट पुरने विषे जी । रिष्ट ठाकर के गेह । कुमर नाम दुमुख दियो । मोटा हूवा तिहां तेह जी । पूर्व भवनों अकृष्यों स्नेह जी । मिल्यो कखरथ थी जेहजी । नंलीबण्या प्रीती अछेह जी । सदा तिण पासे रेह जी ॥ सु ॥ १४ ॥ सुनक्षेत्र तिहां क्षली घरे । हूयो प्रेमसागर को पूत । कंखरथ शैन्यापति कियो । देख शरीर मजबूत जी । पूर्व स्नेहे मयों ते सूतजी । कुसीता से जम्यो नेह नूतजी । दोनो कर्म से रह्या खुत जी । भोगवे राजने दूतजी ॥ सुणो ॥ १५ ॥ वरदत्त तिहां थी चवी जी । तिणही पुरके मांय ॥ कमलदत्त वाणिक घरे । कुरुदत्त नामे कुँवर थाय जी । दुमुखने मिल्यो आय जी । प्रिति जमी दोइ की सवाय जी । चाले मिलके हुकम के माय जी । ए पंच को अधिकार थाय जी ॥ सु ॥ १६ ॥ धनदत्त गृहदेव थी चवी जी । विजयपुर का राजिंद । विजयसेण धर ऊपना जी । नाम देयो कुँवर चंदजी । बद्धी पाम्या चंपक कंदजी । पिता मिल्या जाइ मुनिब्रन्द जी ।

राज बैठा धर आनन्दजी । औरा को सुणो संवेदजी ॥ सु ॥ १७ ॥ श्रीदत्त कपट भाव थी जी । स्त्री वेद धारण कीधा ॥ भरतपुर जयसेण घरे । लीलावती जन्म लीधजी । पूर्व स्नेह सबरा मन्डप रिधजी । थाने तिहां वर लीधजी । हुइ प्रीती दोइ की प्रसिद्ध जी । सुख विलसिया बहु विधजी ॥ सुओ ॥ १८ ॥ चारुदत्त इणही पुरे । मही धर ठाकर घर । सुखसेण नामे पुत्र हुवा । जगी प्रिती फेरजी । कियो शेन्या पति धर मेहर जी । पुण्य बिलसी सुखकी लेहर जी।सार करे शैन्या की खेरजी । यह तप तणा फल हेरजी ॥ सुणो ॥ १९ ॥ तापस मित्र श्रीधर को जी । मान तणे प्रसाद ॥ दासी पुत्र गेंदू हुवे । रहे सेवा में तज प्रमादजी । टाल्या केइ इणे विख वाद जी । बलवन्त अवसर उस्ताद जी । रखे प्रिती दोइ स्यूं नादजी । ए जाणो सुख का स्वाद जी ॥ सुणो ॥ २० ॥ कुसमो गुमास्तो वित्त थी चवी जी । कुल ग्राम को हुवो पटेल ॥ मृग युग भव भ्रमण करत । श्रीधर भारती हुवे पेहल जी ॥ तापस उपाधी चोरी खल जी । ते वैश्य जुग देव छटल जी ।कूवे काहाड्यो तापस ठेलजी । ते तुरंग भट विप्र दीं गेलजी ॥ सुणो ॥ २१ ॥ और वाहणे डूब्या घणा । नहीं बर्जा करत क काम ॥ ते मर्या घणा संग्राम में । किहां तक कहिये नामजी ॥ तापस चार्य मरण पामजी । हुवा रामो जी भील का श्याम जी । केइ

तापस हुवा भील धाम जी। वयावच्च की ते दियो आराम जी ॥ सुणो ॥ २२ ॥ यह कर्म गति देखलो जी । चन्द्र नृप आदि शभा लोक ॥ धन हरण न्हाख्या समुद्र में । तिण दुःख सागर में दिया झोंक जी । मदनरेखा तलघर में दी रोक जी । तेथी कारागृहे न्हाख्या चोंक जी । कहाड्यो तापस कूवा थी ढोक जी । छोड्या बंधन विप्रते धोक जी । ॥ सुणो ॥ २३ ॥ तापसनी मेवा किया जी । दियो सहू मिल साज ॥ कपटे लीलावती नारी हुइ । कंरवी पडी तेहथी लाजजी ॥ इम सहू कथा को सार लो आज जी । छोडो राग द्वेष अकाजजी । नहीं बोलणा मर्म मोसाजर्जा । गत बंधन भोगव्या ह्यांजजी ॥ सु ॥ २४ ॥ वक्त या सुधारण तणी जी । जन्म सुधारो सेण । संयम धर्म समाचारो तो पावो अबिचल चेन जी ॥ ये हित कर म्हाणा वेनजी । षष्टम ढाल नव केनजी । कहे अमो लख धारो एनजी । भव्य होवे समजे ततक्षेनजी ॥ सुणो ॥ २५ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ इम सुण मुनिवर देशना । भरम तम हुवो नाश ॥ हिया पो लगावता । जाति स्मरण प्रकाश ॥ १ ॥भव पेखी चमक्या चितेाअहो२ कर्म को जोर ॥ बंधती वक्त न समजिया । भुक्तण बडा कठोर ॥ २ ॥ बंध्या सोही भोगव्या । नहीं ह्यां कोइको दोष ॥ हिवे डर आत्म बंधथी । तज सहू जीवथी रोश ॥ ३ ॥ कर करणी साचे मने । कर कर्म चक चूर ॥ तो फिर

दुःखीयो न हुवे । मिले सुख भरपूर ॥ ४ ॥ इम चिन्तीने दम्पती । ऊठ्या हर्षीने अपार ॥ विधी वंदी गुरुराज को । इण विध करे उचार ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १० मी ॥ जंबूक यो मानलेरे जाया ॥ यह० ॥ तहत वचन प्रभू आपका । इणमें संदेह नहीं लगार । वे प्रभाइ आप छो । यथा तथा कियो उचार ॥ धन्य२ जे जगे भाइ जे छोडे जग जंजाल ॥ आं ॥ १ ॥ सत्यवाणी सुखदाणी प्रभू । मे श्रद्धी मन वच काय ॥ प्रतीत आइ मनमे रुची । अव फरसणरी हुइ चहाय ॥ धन्य ॥ २ ॥ मुनि कहे अहो देवानु प्रिया । प्रति बन्ध न करो लगार ॥ सुख होवे जो जलदी करो । यो अवसर पामी सार ॥ ध ॥ ३ ॥ सुणी बचन हर्ष्या घणाजी । कर वंदन नमस्कार ॥ आया तिण दिश चालीया । ते मनमे वैराग्य धार ॥ धन्य ॥ ४ ॥ निजस्थान आइ बोलाइयाजी । सागरसेण कुँवार ॥ कहे तुम राज करो सुखे । हम लेसां संयम भार ॥ धन्य ॥ ५ ॥ नेना श्रूत हो कुँवर कहे । तात । मुजने किनको आधार ॥ वय लघुछे माहेरी । किम उपडे राज को भार ॥ ध ॥ ६ ॥ राय कहे वच्छ सांभलो । जगमें न किणको आधार ॥ एकलो आयो जीवडो । लायो शुभा शुभ कर्म लार ॥ ध ॥ ७ ॥ सार करे कोण कोन की । काल आयां ले जाय ॥ सब धर्या ह्यांइ रहे । पुण्य पाप का फल पाय ॥ ध ॥ ८ ॥ संयम में किस्यो अधिक छे पिता ।

पाम्या संपति भोग ॥ बृद्ध वय आयां थकां । फिर आदर जो आप जोग ॥ ध ॥ ९ ॥ चन्द्र कहे राज मोटा इण थकी । मैं पायो अनंती वार ॥ गर्जन सरी कुछ माहरी । संयम थी होय उधार ॥ धन्य ॥ १० ॥ गाथा ॥ लब्भंती विमला भोए । लब्भंती सुर संपया ॥ लब्भंती पुत मित्तंच । एगो धम्मो दुलब्भइ ॥ १ ॥ ढाल ॥ पाव घडी की खबर नहीं भाइ । कुण जाणे चौथो आश्रम ॥ यौवन वय गयां पछे । नहीं बणी सके कोइ धर्म ॥ धन्य ॥ ११ ॥ ⊛ ॥ शेर ॥ करना होसो जल्दी करो । यह वक्त दोडा जाता है ॥ पाव घडी सिरपर रक्खी । क्यों करे कालकी बातां है ॥ ताकत तेजी घटे बदन की । फिर बुढ्ढा कहलाता है । अमोल सास्वत संगले प्यारे । वो आगे मजा पाताहै ॥ १ ॥ ⊛ ॥ ढाल ॥ हिवे तुम राज कीजीये भाइ । दीजे परजा ने सुख ॥ न्याय प्रमाणे चालणो भाइ । टालणो दुःखिया का दुःख ॥ धन्य ॥ १२ ॥ परस्त्री माता गिनो पुत्र । पर धन गिनो पाषान ॥ दुष्ट संग नहीं कीजीये पुत्र । आप समा सब प्राण ॥ धन्य ॥ १३ ॥ ६ प्रेम रखणो सदा । धर्मी को करो सन्मान ॥ लुखवृती रहणो सदा । साधु दरसण सुणो वखाण ॥ ध ॥ १४ ॥ इत्यादि हित शिक्षा दइजी । करायो राजाभिषेक ॥ सागर सेण राजा तणी । आण फेराव देश छेक ॥ ध ॥ १५ ॥ लीलावती पास आवियाजी । चन्द्र-

सेण भूपाल ॥ सती कहे आज्ञा दीजीये।हूं लहस्यूं संयम हाल ॥ ध ॥ १६ ॥ नृप कहे तुम स्त्री अछोजी । संयम दुक्कर काम ॥ तुमसे निभे तो भले लहो । नहीं होड करण को धाम ॥ ध ॥ १७ ॥ सती कहे में परवस्य पणे जी । सहिया दुःख अपार ॥ तैसा संयम में दुःख नहीं । होवे थोडामें खेवा पार ॥ धन्य ॥ १८ ॥ सुणी चन्द्रनृप हर्षीया जी । दोइरा उत्कृष्ट भाव॥जाणी सागर राजीया जी । उत्सव माडे ते ठाव ॥ ध ॥ १९ ॥ पुर जन जाणी विस्मय हुवाजी । सहू कहे धन्य अवतार ॥ ऋद्धि ऐसी तज करी । सुधार अपणो जमार ॥ ध ॥ २० ॥ आणंद वर्त्यो पुर विषेजी । ढाल दशमीं के मांय ॥ अमोल कहे आगे सुणो । किता संयम लेवा उमाय ॥ धन्य ॥ २१ ॥ ॥ दुहा ॥ सागरसेण नामे नृपती । दिक्षा पत्री लिखाय । सेंदा छोटा मोट राजमें । सामंत हाथ पठाय ॥ १ ॥ कनक पुर पोलासपुर । भरत पयठाण पुर जाण ॥ सिष्टपुर कुल ग्रामादी । दीधी पत्री आण ॥ २ ॥ सोमचन्द्र सुखसेण जी । प्रतापसेण मति साग्र । गेंदू आदि सहू सुणी । छोडी सहू कदाग्र ॥ ३ ॥ झट पट सब सज्ज होयने । लेइ सैन्य परिवार ॥ आइ चन्द्रनृप भेटीया । पाम्या हर्ष अपार ॥ ४ ॥ सत्कार यथा योगो तदा । सागर नृप वराय ॥ खान स्थान सुख दे सहूमंगल रह्या वृताय ॥५॥ ढाल११ मी ॥ सिद्ध चक्र जिन पूजोरे भ-

विका ॥ यह० ॥ चन्द्रनृप पास सहू राजा आया । कर जाडी सीस नमाया ॥ किम लेवो संयम कमी किसी छे ।किसी हुइ चित चहाया ॥ हो राजंद वैराग्ये मन रमाया ॥ आं ॥ १ ॥ भाव मुनि कहे अहो सुणो मंत्री । लि दुःख लग्या मुज लारे ॥ मूलसे नाश करुं हिवे तेहनो । लेइ संयम भारहो मत्री ॥वै॥२॥ अशाश्वत सुख मुजने मिलिया ।तेहथी तृप ती नहीं पामी ॥ शाश्वत सुख लेवा संयम लूं । मिटावण ए खामी हो मंत्री ॥ वैरा ॥ ३ ॥ ए उपाव जो थां कने होवे । तो मुज वेग बतावो ॥ तेह कर संसार मांहे लो भावूं। पूरुं थाणो चावो होम० ॥ वै ॥ ४ ॥ सर्व सुणी निरुत्तर थइया । कहे सुख होवे सो कीजे ॥ मोह उमटाणो नेणा नीर वहिया । विरह जाण मन छीजे हो राजंद ॥ वै ॥ ५ ॥ भूप कहे सुणो प्यारा मंत्रीश्वरो । तुम साजे पुनः राज पायो ॥ नहीं तो कहो गती कैसी होती मुज । सुधारण करुं मे उपायो ॥ होमंत्री ॥ वै ॥ ६ ॥ पूर्व भवकी मुनि कही कथा । ते सहू भणी संभलाइ ॥ संवेग्या जाणी नीयती गती यह । कहे धन्य ज्ञानी तांइ हो राजा ॥ वै ॥ ७ ॥ अज्ञान तप तणे प्रभावे । ऐसी संपत पाइ ॥ हिवे ज्ञान सहित जो करणी करांतो । देवा जन्म मरण मिटाइ होमंत्री ॥ वै ॥ ८ ॥ यह सब संपत कारमी जाणो । एक दिन तो छिटकाणो ॥ शुभा शुभ कर्म साथे आवे । आगे फल तस पाणो होमंत्री

॥ वै ॥ ९ ॥ ❀ ॥ काव्य ॥ चिच्चा दुप्पयं चउप्पयंच।खित्तं गिहं धण धन्नं च सव्वं ॥ सकम्म पवीउ अवसो पायाइं । परं भव सुंदर पावगं वा ॥ १ ॥ ❀ ढाल ॥ इण संपत में सुखजो माने । तेतो सुढ गिंवारो ॥ अल्पसुख आगे दुःख घणेरो । करो हेते च्छू विचारो होमं ॥ वै ॥ १० ॥ विनाशिकका त्याग करे तो । अविन्याशी सुख पावे ॥ जो विनाशी में लुब्ध रहे तो । दोनो हाथ से गमावे होमंली ॥ वै ॥ ११ ॥ जो थाने अविछल सुख चाहिये तो । छोडो यो संमारो ॥ श्री विश्व ऋषिवर चरण भेटने । सफल करो अवतारो होमंली ॥ वें ॥ १२ ॥ इम उपदेश सूणी सहू भूधव । प्रति वोध्या ते वारो ॥ हाथ जोड नरमी इम वोले । हम पण होवां अणगारो होराजा ॥ वै ॥ १३ ॥ तव नृपं वैरी कैदी ने बुलाया । ते कर जोडी ऊभा सामें ॥ चन्द्रसेण खमाइने वोले । करो जिम तुम सुख पामें होमंली ॥ वै ॥ १४ ॥ सहू अरी नरमाइ वोले । आप वडा उपकारी ॥ राज सुख हम कुछ नहीं चःवां । मरजी दिक्षा लेवारी होराजा ॥ वै ॥ १५ ॥ इम सुण चन्द परमानन्द पाया। सहू बरोवर बैठाय ॥ कुलीताने लीलावती पासे । पहोंचाइ भाव जणाया होमंली ॥

---

अर्थ—मनुष्य पशु धन धान खेत घर सब को छोड कर फक्त शुभाशुभ कर्म को साथ लेकर मनुष्य नर्कमें और श्वर्गमें जाता है वहां कृत कर्मानुसार दुःख सुख पाता है. उत्तराध्येन अ०१३

वै ॥ १६ ॥ अन्य मंत्री गण भूपसे नृप कहे । सहू निज राजे पधारो ॥ निज२पुत्रने राज समर्पि । इहां आवो लेइ परिवारो होमंत्री ॥ वै ॥ १७ ॥ इम सुणी नमी सहू शशी नृपने । सजाइ जे घर आया ॥ ढाल एकदश षष्टम खंडे । अमोल ऋषि गुण गाया होमंत्री ॥ वैरागी ॥ १८ ॥ ❀ ॥ दुहा॥आप आपका कुँवर ने । कह्या सहू समाचार ॥ प्रश्नोत्तर हुवा घणा । आज्ञाली ते वार ॥ १ ॥ सोमचंद्र अनंगसेण ने । कन्क पुर राज दीध ॥ श्रीधर पुत्र अमरसेण ने । सचीव तेहना कीध ॥ २ ॥ सुखसंण क्षितीं चन्द्र ने । पोलासपुर राज देय ॥ गेंदू ने साथे लियो । वैराग्य भाव उमंगेय ॥ ३ ॥ सज्जनसेण गुणचंद ने । भरतपूर पाट बेठाय ॥ बुद्धि सागर परज्जुनने । तास प्रधान बणाय ॥ ४ ॥ प्रतापसेण जगसेण ने । पयठाण पुर पत कीध ॥ सहू नृप निज२ नारीने । आप ने साथे लीध ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १२मी ॥ काकंदी नगरी भली सरे ॥ यह० ॥ सैन्या परिवार सहु साथ लेइने ॥ सहु नृप विजयपुर आया ॥ सागर नृप सहूने सन्मानी योगस्थान उतराया ॥ घणा जना वैराग्या देखी चन्द्र नृप सुख पाया जी ॥ थे सुणजो शाणा । धन्य२ वैरागी लोकने ॥ आं ॥ १ ॥ सहु चतुर्वीस नर नारीने । वैरागी चन्द्र जाणी । चतुर वीस शिवका सजाइ सहश्र पुरुष उठावानी ॥ अन्य सजाइ सहु सजीछे । मंगल रह्या वरत्तानी हो ॥ थे ॥ २ ॥ कुं·

त्तीया वणकी दुका१ से सरे । ओगा पातरा मंगाया ॥ लक्ष अष्टदिया सानैया । ते पण मन हर्षाया ॥ चौवीस लक्ष दे नापिक तांइ । खुर मुंडण करवाया जी ॥ थे ॥ ३ ॥ चतुरंगुल नी शिखाज राखी । लोच करणने काजे ॥ ऊगटणा पीठी करी सरे । साजिया सिणगट साजे । जुदा२ शिवीका के माही । स परिवार विराजे जी ॥ थे ॥ ४ ॥ गजगाजी रथ पायका सरे । तुरंग शैन्य सजाइ ॥ कौतल आगे चालीया सरे । अष्ट मंगल भल काइ । गोरडी गीत वाजिंत्र के नादे । गगन रह्यो गरजाइजी ॥ थे ॥ ५ ॥ मध्य बजारे चालीया सरे । देखे घणा नर नार ॥ कर जोडी गुण ऊचरे सरे । लुली करे नमस्कार ॥ मोह झाल उदय हुवां सरे छूटे आंश्रू धारहो ॥ थे ॥ ६ ॥ ❀ ॥ इन्द्र विजय ॥ कोइ कहे धन्य इनके तांइ । राज मोहो तज संयम लेवे ॥ कोइ कहे यह सुख सायत्री । प्रभू इनको भोगण नहीं देवे ॥ कोइ कहे जोग लिख्यो कर्म में । कोइ कहे नाम राखण सेवे ॥ दुनिया दुरंगी बोले बहू विध । आत्म तारण ले अमोल केवे ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ जय२ नंद। भद्दा भदंती।मुख२ करे उचार॥बागके पासे आवीया सरे।तजी सवारी ते वार॥❀॥पंच

* १ साचित वस्तु दूर रखी, अचित अजोग बस्तु दूर रखो ३ उत्तरासण किया ( मुख के आगे वस्त्र लगाया ) ४ दोनो हाथ जोडे. ५ मनमें विशुद्ध विनय भाव धारन किया, यह पच अभिगम साचवन किये,

अभिगम साचवी सरे । । मुनेवर पास पधार हो ॥ थे ॥ ७ ॥ विधी स्यूं कीधी वंधना सरे । प्रणामी करे उचार ॥ अलीता पलीता लग रह्या सरे । जली रह्या संसार ॥ जन्म जराने मरण के दुःख से। पार करो म्हाने त्तार हो ॥ थे ॥ ८ ॥ इशाण कुणमें आय ने सरे । तजीया सहू सिणगार ॥ स्व हस्ते लोचन कर्यो सरे । पंच मुष्ट ते वार ॥ खोमयुगल वस्त्र विखे सरे । कुमरां झोल्या बारहो ॥ थे ॥ ९ ॥ साधु साध्वीका धारीया सरे । श्वत वेश श्रेयकार । पंदरह साधु नव आर्जिका । शोभाया परिवार ॥ गणीवर पासे आयने सरे । लुली कियो नमस्कारहो ॥ थे ॥ १० ॥ अति उत्सुक होइ प्रकाशे । तारो२ महाराय ॥ जन्म जराने मरण लाय से लेवो म्हाने बचाय ॥ मुनिवर अवसर देखने सरे । मधू गिरा फरमाय हो ॥ थे ॥ ११ ॥ आज्ञा मांगी परिवार की सरे । ते नयना श्रुत देय ॥ कर जोडी वैरागी वैरागण । उभा गुरुजी केय । जाव जीव सावद्य जोग का । नव कोटी त्याग छेय हो ॥ थे ॥ १२ ॥ संत विराज्या साधू पंक्ते । सती साध्वी मांय । सफल दिवस ते जानता सरे । छूटी सर्व बलाय ॥ ज्ञान ध्यान तप संयम से । अब देवां कर्म खपाय हो ॥ थे ॥ १३ ॥ सहू परिवार वंदन कर मुनिने । कर जोडी करे अरदास॥ आज तक कौ सहू गुनो माफ कर । दे दर्श पूर जो आस ॥ फिर२ जोता मुख सहू जन

। गया निज आवास हो ॥ थे ॥ १४ ॥ निज२ ग्रामे सहु सिधाया।पालि सुख से राज ॥ धर्म कर्म नीतीसे आराधे । सुधारे सर्व ही काज ॥ खंड दूणी ए ढाँल अमोलख । कहे धन्य २ मुनिराज हो ॥ थे ॥ १५ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ नवि दिक्षित सती संत की । वृद्ध दिक्षित मुनिराय ॥ भक्ति करण उमगा रह्या । संयमें मन रमाय ॥ १ ॥ अहार पाणी खादिम स्वादिम । वस्त्र पात्र दवा दान ॥ आमंत्रे उत्तम अति।मिष्ट गिराए सन्मान ॥ २ ॥ प्रातिलेखन परिठावणिया । वैयवच्च करेय ॥ तेतो करावे नहीं । धर्म प्रेम बृद्धेय ॥ ३ ॥ दूजे दिन आचार्यजी ॥ एकान्त स्थानक मांय ॥ नवि दिक्षित ने बुलाइया । यत्नाये आया हुलसाय ॥ ४ ॥ वंदन करीने सन्मुखे । मर्यादे कर जोड । बैठा संत सती सहू । हित सीख सुणनकी कोड ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १३ मी ॥ सुगुणा साधू जी हो मुनि थांग मन ने पाछो फेर ॥ यह० ॥ मिष्ट गंभीर ऊंची गीरा ॥ हो मुनिवर ॥ अचार्य जी फरमाय ॥ आत्म संयम सुख वाहनी । हो मुनिवर ॥ धारो शिक्षा मन मांय ॥ धन्य २ साधू जी हो मुनिवर । धन्य थांरो अवतार ॥ आं ॥ १ ॥ शिक्षा दो प्रकार की ॥ होमुनिवर ॥ ग्रहनाते आचार।।असेवना छे ज्ञान की ॥ हो मु० ॥ धारो जे हित कार ॥ धन्य ॥ २ ॥ अपनो विनय मूल धर्म छे ॥ मुनि० ॥ नरमाइ सुखकार ॥ गुरु आदि बडा त-

णी ॥ होसु० ॥ रहणो अज्ञा मझार ॥ ध० ॥ ३ ॥ ❀ ॥ गाथा ॥ विणओ सासण मूलं । विणओ निव्वाण साहगो ॥ विणओ विप्प मुक्कस्स । कओ धम्मो कओ तवो ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ विनयथी ज्ञान वृद्धे घणो ॥ होसु० ॥ ज्ञानथी सम्यक्त्व आय ॥ सम्यक्त्व से चारित्र फले ॥ होसु० ॥ चारित्र तपे मोक्ष पाय ॥ धन्य ॥ ४ ॥ ❀ ॥ गाथा ॥ विणओ नाणं । नाणाओ दंसणं ॥ दंसणाओ चरणं । चरणं हुंती मोखो ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ ज्ञा नाभ्यास पहिलां करो ॥ होसु० ॥ जिणथी तत्व जणाय ॥ दया तपस्या फिर हुवे ॥ हो सु० ॥ फिर जीव मुक्ति जाय ॥ धन्य ॥ ५ ॥ ❀ । गाथा ॥ पढमं नाणं तओ दया । ए व चिठइ सवसंजए ॥ अन्नाणी किं काही । किवा नाइ सेया पावगं ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ आचार मूल पंच महा वृत ॥ होसु० ॥ त्रिकरण जोग अराध ॥ त्रस स्थावर हिंशा तजी ॥ होसु० ॥ दीजो सहू ने समाधा ॥ धन्य ॥ ६ ॥ असत्य वचन सर्वथा तजी ॥ होसु० ॥ बोले स्वल्प सुखदाय ॥ सचित अचित त्रणादिक ॥ होसु० ॥ आज्ञा विन ग्रहो नाय ॥ धन्य ॥ ७ ॥ ब्रह्मवृत नव वाड शुद्धे ॥ होसु० ॥ पालो इन्द्रि जीत ॥ परि ग्रह ममता परि हरो ॥ होसु० ॥ धर्मोप करण कम प्रित ॥ धन्य ॥ ८ ॥ शीत मात्र निशी ने समय ॥ होसु० ॥ पास न रखो चउ अहार ॥ यह छः वृत शुद्ध पालीये ॥ होसु० ॥ ये मुनि

मूल आचार ॥ धन्य ॥ ९ ॥ पेखी धनुज्ज धरणी भणी ॥ होमु० ॥ चलणो धीमी चाल ॥ भाषा दोष सहू परि हरी ॥ होमु० ॥ बोलणो सदा संभाल ॥ धन्य ॥ १० ॥ दोष बे-ताली टालने ॥ होमु० ॥ लो अहार वस्त्र स्थान ॥ मर्यादित उपाधी रखो ॥ होमु० ॥ निर्वद्य स्थान परि ठान ॥ धन्य ॥ ११ ॥ मन वचकाया गोपवो ॥ होमु० ॥ जो न कूमार्गे जाय ॥ यह अष्ट वचन मात तणा ॥ होमु० ॥ पाले सदा ऋषि राय ॥ धन्य ॥ १२ ॥ क्षुधादि परि सह सहू ॥ होमु० ॥ सहणा सम परिणाम ॥ चउ कषाय पतली करो ॥ होमु० ॥ जो चाहो मोक्ष धाम ॥ धन्य ॥ १३ ॥ इत्यादि हित शिक्षा दीवी ॥ हो श्रोता ॥ संयमी ने सुखकार ॥ सुणीने हृदय धारजो ॥ होमु० ॥ जिम होवे खेवा पार ॥ धन्य ॥ ॥ १४ ॥ वहु सुत्री थिवर वुलायने ॥ हो श्रोता ॥ नव दिक्षित सुव्रत कीध ॥ भणावो ज्ञान क्रिया वली ॥ होमु० ॥ जिम होवे कार्य सिद्ध ॥ धन्य ॥ १५ ॥ सती सुव्रता जी भणी ॥ होमु० ॥ दी सतीया संभलाय ॥ प्रमाण वचन गुरु का करी ॥ हो श्रोता ॥ नि-ज २ स्थान सहू आय ॥ धन्य ॥ १६ ॥ थोडा काल ने माय ने होमु० ॥ सीखी हुवा प्र-वीन ॥ नय कूंची शास्त्र तणी ॥ होमु० ॥ यथा तथ्यली चीन ॥ धन्य ॥ १७ ॥ वहू सूत्री पराक्रमी तेज पुंज ॥ होमु० ॥ वादी विवेकादि गुण ॥ जाणी गुरु आज्ञा दीनी ॥ होमु०॥

स्वेच्छा ए विचरो निपुण ॥ धन्य ॥ १८ ॥ परिवार गृही पोता तणा ॥ होमु० ॥ कियो चन्द्र ऋषि विहार ॥ ढाल तेरे अमोलख भणी ॥ हो मुनिवर ॥ धन्य जे तारे संसार ॥ ॥ धन्य ॥ १९ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ लीलावती धर्म लील में । तन मन गयो रंगाय ॥ आगम सूत्तार्थ धारीया । प्रभु अतीही थाय ॥ १ ॥ लज्जा महासिक शूरत्व । चातुर ज्ञान आचार । क्षमा दया आदि गुणे । सोहे तेज दिनकर ॥ २ ॥ भव्य गण तारण कारणे । दे गुरुणी आदेश ॥ निज परिवार साथे लइ । स्वइच्छा विचारे देश ॥ ३ ॥ वचन सीर्श चडायने । सतीयां संग घणी लेय ॥ विचारी सती लीलावती । धर्म दीपावे तेय ॥ ४ ॥ ❀ ॥ ढाल १४ मी ॥ बधावो श्री राम को ॥ यह० ॥ चौवीसी भूमन्डले । करता विचरे उपकार ॥ वंदो भव्य भाव स्यूं ॥ जथा नाम तथा गुण । जुदा२कहूं उचार ॥ वंदो भव्य भावसे ॥ १ ॥ चन्द्रथी अधिक चन्द्र ऋषि ॥ सौम्य धर्म प्रभा प्रसार ॥ वंदो ॥ तारागण सम मुनि गणे । निकलंक मही मझार ॥ वंदो ॥ २ ॥ सज्जन ऋषि सज्जन छे कायका । प्रताप ऋषि प्रतापिक ॥ वंदो ॥ कंखरथ ऋषि कांक्षा मोक्ष की । ए चारुं नृप गुणाधिक ॥ वंदो ॥ ३ ॥ सौम्यस्वभावी सोमजी ऋषि । सुख ऋषि सुखकार ॥ वंदो ॥ बुद्धि सागर ऋषि बुद्धवन्ता । लेक्ष्मी ऋषि क्रिया श्रीधार ॥ वंदो ॥ ४ ॥ दुमुखऋषि दुमूख संसारथी ।

महासेण ऋषि सहू सयण ॥ वंदो ॥ श्रीधर ऋषि वृत श्रीधर । गेंदू ऋषि गुण गेंदरयण ॥ ॥ वंदो ॥ ५ ॥ कुरु ऋषि कहर पणो हण्यो । मुकुंद ऋषि मन आनन्द ॥ वंदो ॥ जुगदेव ऋषि जग रक्षा करे । यह पन्दरह साधू समंद ॥ वंदो ॥ ६ ॥ लीलावती सती लीली संयमें । धर्म की लीला वधाय ॥ वंदो ॥ गुणसुन्दरी गुणसुन्दर भर्या । सुसमाजी सूसं रक्षा रक्षाय ॥ वंदो ॥ ७ ॥ कुशीता लुशील इच्छा तजी । ए चारों राणी शोभाय ॥ वंदो ॥ अनंग सुन्दरी वश अनंग कियो । प्रेम सुंदरी को संयमें प्रेम ॥ वंदो ॥ ८ ॥ प्रद्युन सुंदरी प्रद्युन हण्यो । आनन्दी धर्मे आनन्द ॥ वंदो ॥ गौरी गौरव गुणोत्तम ॥ यह नव सतीयों का समंद ॥ वंदो ॥ ९ ॥ सहु मुनि सती गुण गण भर्या । सहू सहू गुण भर पुर ॥ ॥ वंदो ॥ यत्किंचित गुण एकत्था । पुरन कथन मग दूर ॥ वंदो ॥ १० ॥ सम दम उपशम खम करे । जप तप खप अहो निश ॥ वंदो ॥ अचार विचार उचार ते । शूद्ध है विश्वा वीस ॥ वंदो ॥ ११ ॥ प्रमाद विखवाद सवाद ने । तजे भजे जिन आण ॥ वंदो ॥ गुणरत्ना आदि तप करी । करे कर्म की हाण ॥ वंदो ॥ १२ ॥ स्याद्वाद शेली मधु गिरा थी । दे मुनि सत्युपदेश ॥ वंदो ॥ हलु कर्मी सुणीने प्रबोधे । धारी धर्म की रेश ॥ वंदो ॥ १३ ॥ केइ समकित उचरे । केइ लेवे वृत धार ॥ वंदो ॥ केइ वैराग्य पामीने । संयम

ले होवे अणगार ॥ वंदो ॥ १४ ॥ इम घणा जीवने तारता । टालता मिथ्या अन्ध ॥ वंदो॥मालता भूखन्डज परे । प्रकाशे ज्ञान प्रबंध ॥ वंदो ॥ १५ ॥ घणा वर्ष संयम पाली-यो । अवसर आयो जाण ॥ वंदो ॥ कश्मिर देश तणे विषे ॥ नवफूल पाटण वखाण ॥ ॥ वंदो ॥ १६ ॥ लोल तोल पर्वत परे ॥ एकान्त स्थानक जोय ॥ वंदो ॥ सहू मुनि अणसण कियो । अति चार अलोय ॥ वंदो ॥ १७ ॥ धर्म ध्याने ध्यानस्त हुवा । शुक्ल ध्यान इच्छाय ॥ वंदो ॥ जीवित मरण उभय भव । काम भोग नवंछाय ॥ वंदो ॥१८॥ एक मास सलेपणा । आयुष्य पूर्णज थाय ॥ वंदो ॥ ग्रयवेक छट्ठाविपे । उपज्या चंद्र ऋषि राय ॥ वंदो ॥ १९ ॥ बीजा मुनि करणी जिसा।पाया उत्तम देवलोक ॥ वं ॥ चन्द्र ऋ-षि मनुष्य हुइ । विदेह सुं जासी मोक्ष ॥ वं ॥ २० ॥ बीजा ऋषि भव थोडा में । पाम-सी पद निर्वाण ॥ वं ॥ सती लीलावती तिमही । आयु ढिग अवसर जाण ॥ वं ॥२१॥ सलेपणा अणसण करी । दिन पंदरे जव थाय ॥ वं ॥ आयू पूर्ण छठा ग्रीवेक । चन्द्र ढिग देव पद पाय ॥ वं ॥ २२ ॥ बीजी सतीयों पण इण परे । संथारो कर गइ स्वर्ग ॥ ॥वं॥थोडा भव नर देवना । कर वरसी अपवर्ग ॥वं॥ २३ ॥ श्री शील महात्म रासको ॥ चन्द्र सेण लीलावती चरित्र ॥ वं ॥ संपूर्ण हुवो खण्ड छेः विपे ॥ ढाल चउदह पवित्र ॥

॥ वं ॥ २४ ॥ चउवीसी संत सती ताणा ॥ हुवा आत्म कल्याण ॥ वं ॥ अमोल ऋपि
कर वंदना ॥ इच्छा लेवण निर्वाण ॥ वं ॥ २५ ॥ ७ ॥ दुहा ॥ चन्द्र सेण ऋपि रायजी
। कंखरथ महाराज ॥ लीलावती कुसीता रानी । आदि सहू जन माज ॥ १ ॥ कथा स-
मी कथनी कथी । अधिकार सम भर वेन ॥ प्रणाम पण तिम वृतिया । शुभाशुभ सम जे-
न ॥ २ ॥ पण सहू उत्तम निवड्या ॥ सुधार्या आत्म काम॥द्रव्य वैर त्यागने॥किया पाया
शिव सुख धाम ॥ ३ ॥ तिम हूं अतःकर शुद्ध कर । लुली करी प्रणाम ॥ माफी मांगू
सहू थकी । जे शब्द किया निकाम ॥ ४ ॥ ते क्षमजो सहू महात्मा ॥ कृपा करी मुज पर
॥ सेवक जाणी साहावा । दीजो मुज मुज जरं ॥ ५ ॥ ७ ॥ ढाल १५ मी ॥ जंबू द्विप
प्रसीद्ध प्रमाणे ॥ आं ॥ अहो श्रोता शील महात्म रास को । मारंस विचारो ॥ सुणियों
को कुछ सार येही है । सद्गुण हृदय धारो ॥ १ ॥ अंतर द्रष्टी देखो चन्द्र राजा । और
लीलावती राणी ॥ प्राणांतिक उपसर्ग सह्यापण । न धरी वृत में हाणी ॥ २ ॥
उन संत सती का नाम आज लग । जग में सुमुख गवावे ॥
इम हीज आखडी आय खडी रहे । तब नर नारी निभावे ॥ ३ ॥औ-
र कंखरथ कुसीता आदि । कूसंगत ने प्रभावे ॥ राज गमाया दुःख घणा पाया ॥ सुसंग

त शिव सुख पावे ॥ ४ ॥ तिम कुसंगत हितेच्छु त्यागी । सूसंगत सदा कीजे । तो दो
नों भव सुखिया हो सो । हित शिक्षा चित दीज ॥ ५ ॥ अति लालच कपट किया थी।
धन दत्त श्री दत्त दोइ ॥ दोनों भव में दुःख ते पाया । साथी दार संगोइ ॥ ६ ॥ इम
जाणी दगो लालच त्यागो । निर्मम आर्यता धारो ॥ और सहू कथा मद्बोध थी भरी । सु
ज्ञ चुन ग्रहो सारो ॥ ७ ॥ भेट श्रोता वक्ताने चडावो । निज २ शक्ति प्रमाणो ॥ ज्ञान
धर्म प्रत्याख्यान बधावो ॥ योहीज साचो नाणो ॥ ८ ॥ ❀ ॥ गाथा ॥ एयं खुणाणी णो
सारं । जं न हिंसइ किंचणं ॥ अहिंसा समयं चेव । एतावतं वीयाणीया ॥ १ ॥ ❀ ॥
॥ ढाल । श्री वीर प्रभू निर्वाण के नन्तर । श्वामी सुधर्मा आचर्य ॥ सत्तावीस पाट लग
धर्म सूचाल्या।फिर भस्म ग्रह किया अकार्थ ॥ ९ ॥ सत्य मार्ग दिनो दिन लुपाणो । अ-
संयती अधर्म बढायो ॥ चाँरसो (४७०) सीत्तर वर्ष वीर पीछे । रायवीक्रम जी थायो ॥ १० ॥ सं-
वत तास पन्नरसेंत (१५३१) एकतीस । दो सहँश्र (२०००) वर्ष हुवा पूरा ॥ अमदावाद में शाह लोंकाजी ।
शास्त्र पढी हुवा शूरा ॥ ११ ॥ पुनरोधार कियो जिन सासन । लोंका गच्छ थपाणा ॥

❀ अर्थ—ज्ञान प्राप्त करनेका सार येही है की किस भी जीव की कदापी किंचित हिंसा नहीं करनी. ऐसा अहिंसा मय धर्म सर्व मतावलम्बीयों मानते हैं सुयगडांग सूत्र अ १ उद्देशा ४ गाथा १०

आगल फिर यती पडिया ढीला । तव लवजी ऋषि प्रगटाणा ॥१२॥ न्याय मार्ग अमोध चलायो । शिष्य सोमजी ऋषि तास ॥ तस्य शिष्य पुज्य प्रभाविक कहानजी । ऋषि किया रवी ज्यों प्रकाश ॥ १३ ॥ तासु सम्प्रदाय यह विख्याती । हुवा ताराऋषि जी स्वामी । गुजरात देश में धर्म फेलायो । खंभायत सिंघाडो नामी ॥ १४ ॥ काला ऋषि जी तस्य शिष्य दीपता । मालव देशे रहिया ॥ तास शिष्य वक्षूऋषि दीप्या । धनजी ऋषि ने दइ ा ॥ १५ ॥ तस्य जेष्ट शिष्य पुज्य खूबाऋषिजी । क्रिया उत्कृष्टी धारी । चालीस वर्ष लग संयम पाल्यो । महा क्षमा वंत गुण भन्डारी ॥ १६ ॥ तस्य शिष्य गुरुदयाल आर्ष भावी । चेना ऋषिजी महाराजा ॥ मुज दिक्षा नन्तर दो मास में । तस सीज्या आत्म का काजा ॥ १७ ॥ तात संसारी दिक्षा धारी । तपस्वी केवल ऋषिजी ॥ तीन वर्ष रह्यं ा पासे । फिर ज्ञान काजे तुषिजी ॥ १८ ॥ कवि वरेंद्र पुज्य तिलोक ऋषिजी का । प टवी शिष्य गुणवन्त ॥ रत्न ऋषिजी चरण ने सेव्या । जे दिक्षा दाता महन्त जी ॥१९ ॥ कृपा कर मुज ज्ञान पढायो । साज दियो महा उपकारी ॥ तास आश्रय विचरत आ । दाक्षिण देश मझारी ॥ २० ॥ अहमदनगर जिलाके माही । कान्हूर पाठार सुग्रामो अमरचंदजी तांतेड के स्थानके । चतुर्मास रह्या सुख पामो ॥ २१ ॥ कथा तणो ग्रंथ ति-

हां मुज पायो । बांची मन हुलसायो ॥ रसिक उपकारीक बातत्ते जाणी । रास ए ताको बणायो ॥ २२ ॥ पिंगल व्याकरण पूर्ण न जाणू । स्वल्प मति अनुसार ॥ बाल ख्याल सम ए रच्यो।मावित्र चउ तीर्थ धार ॥२३॥ स्वमत अनुसारथी।बदल्यो समास बहु स्थान ॥ शुद्धी बृद्धी बहूली करी । तिणमें छद्मस्त प्रमाण ॥ २४ ॥ विप्रित विरुद्ध जिन ज्ञान थी । कथाया होय अधिकार ॥ तो मिथ्या दुष्कृत मुज भणी । कहू साखी केवली धार ॥ २५ ॥ षट खण्ड ढाल सत्यासीए । ग्रन्थ ए पूर्ण कीध ॥ श्री गुरु देव प्रशाद से ।हुवा मनोर्थ सिद्ध ॥ २६ ॥ श्री वीर निर्वाण वर्ष चौबीसैं सो । पैंचीस उपर मझारो ॥ विक्रम उन्नीसो पच्चावन में । कार्तिक शुक्ल अष्टमी चन्द्र वारो ॥ २७ ॥ जय जय सदा जैन धर्म की ॥ वक्त श्रोता की सदाइ ॥ ऱ्हीं श्रीं सुख संपदा अमोलख । आनन्द मंगल वरताइ ॥ २८ ॥ ❀ ॥ खण्ड सारांस हरीगीत छंद ॥ जय जय जग रहो सती संतकी । शील भली परे पालीयो ॥ पुण्य प्रबल जग यश जेहनो । विरह विस ने टालीयो ॥ शत्रू जय कर राज लीनो । मुनि उपदेश सुणाइयो ॥ परभव स्वरूप सुणीने भूप ।जग जंजाल छिटकावीयो ॥ १ ॥ संयम धारीममत्व मारी । कर्म रिपुने हटावीया ॥ श्वर्ग पाया नरहोइते । वरसी शिव सुख चावीया ॥ षट खण्ड मझार अधिकार एता । सारंस संक्षिप्त ए सही॥

धार खेवा पार होवे । जिम चोवीस जीवं की भइ ॥ २ ॥ सम दम खम नम यम गुही । रम भम कम गम छम करण ॥ अजरामर वर पद पावन । येहीमग असरण सरण ॥ देवे अरिहंत गुरु निग्रन्थ । धर्म केवली आज्ञा मेहे । गावे गवावे सुणे सुणावे ते नित्य मंगल लहे ॥ ३ ॥ ❁ ❁ ॥

परम पुज्य श्री कहानजी ऋषि जी महाराजके सम्प्रदाय के महंत मुनिश्री
खूबाऋषि जी महाराज के शिष्य वर्य आर्य मुनि श्री चेना ऋषिजी
महाराज के शिष्य वर्य बाल ब्रह्मचारी मुनि श्री अमोलख
ऋषि जी महाराज रचित शील महात्म श्री
चन्द्र सेण लीलावती चरीत्र समाप्त ॥ ❁ ॥



चन्द्र सेन लीलावती चरीत्र समाप्त